राजस्थान सरकार

न्यायालय तहसीलदार गुड़ामालानी

प्रकरण संख्या 16/2025

प्रार्थी/सायल	**बनाम**	**अप्रार्थी/गैर सायलान्**
राजस्थान सरकार जरिये हल्का पटवारी **खुडाला**		**रामाराम पुत्र गिरधारीराम जाति कलबी** **निवासी नई उन्दरी** **तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर**

प्रकरण अन्तर्गत धारा 91(2) राजस्थान भू – राजस्व अधिनियम 1956

दिनांक 27.11.2025

निर्णय

प्रकरण से संक्षिप्त में तथ्य निम्न प्रकार है कि पटवारी हल्का **खुडाला** ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि सरहद मौजा **नई उन्दरी** राजकीय भूमि ख.न. **230/84** रकबा **0.0323** हैक्टेयर किस्म गै.मु. रास्ता(राजकीय भूमि) में से **0.0323** हैक्टेयर भूमि बाड़ बनाकर अतिचार/अनाधिकृत कब्जा कर रखा है। अतः गैर सायलान् के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने तथा उक्त भूमि से बेदखल करने का निवेदन किया। पटवारी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्ट्रर कर गैर सायलान् को नोटिस जारी किये गये।

गैर सालयान् को सुनवाई का दुबारा अवसर दिया गया। सुनवाई की नियत को सायल् उपस्थित। गैर सायलान् अनुपस्थित। गैर सायल् को सुनवाई का पूनः अवसर दिया जाकर पत्रावली 27.11.2025 पेश हुई। गैर सायल को सुनवाई का दुबारा मौका देने व खुले न्यायालय में तीन बार तीन–तीन आवाज लगाने के तदुपरान्त अनुपस्थित रहे। अतः गैर सायल के विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है।

हमने पत्रावली का अध्ययन एवं अवलोकन किया। प्रश्नगत भूमि किस्म गैर मुमकिन रास्ता(सरकारी भूमि) है जिस पर गैर सायल का अनाधिकृत कब्जा साबित होता हैं। अतः गैर सायल् को उक्त भूमि का अतिक्रमी घोषित किया जाकर लगान 0.03 का राउण्ड अप 1 रूपये का 50 गुना शास्ति आरोपित करते हुए **50** रूपये का जुर्माना आरोपित किया जाता है। गैर सायल को उक्त भूमि से बेदखल करने के आदेश दिये जाते हैं तथा अनाधिकृत रूप से किये गये कब्जे को हटाकर भूमि को सरकारी तहवील में लेने तथा नियमानुसार जुर्माना वसूल कर जुर्माना राशि राजकोष में जमा करवाने के आदेश दिये जाते है। बेदखली एवं जुर्माना वसूली हेतु संबंधित हल्का पटवारी व भू.अ.नि. तथा मांग कायमी हेतु [illegible] राजस्व लेखाकार सूचित हो।

निर्णय आज दिनांक 27.11.2025 को खुले [illegible] सुनाया गया । पत्रावली फैसल शुमार नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ishwar Lal Solanki
Date: 2025.12.04 16:08:42 IST
Reason: SelfAttested

(ईश्वरलाल सोलंकी आर.ए.एस)
तहसीलदार गुड़ामालानी

Signature valid
Digitally signed by Ishwar Lal Solanki
Designation: [illegible]
Date: 2025.11.2[illegible] [illegible]8:32:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19085446